पंजाब केसरी
SAT,16 MAY 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 5

# हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड ने बदली डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा की तिथि

## अब 17 जून को होगा आयोजन

धर्मशाला, 15 मई (सुनील): हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने डी.एल.एड. सांझा प्रवेश परीक्षा-2026 की तिथि में बदलाव किया है। पूर्व में जारी कार्यक्रम के अनुसार यह परीक्षा 31 मई 2026 को आयोजित की जानी थी, जिसे अब स्थगित कर दिया गया है।

बोर्ड द्वारा जारी नए शैड्यूल के अनुसार अब यह परीक्षा 17 जून 2026 को आयोजित की जाएगी। बोर्ड द्वारा जारी नए शैड्यूल के अनुसार, अब यह प्रवेश परीक्षा 17 जून 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए तय किए गए अन्य सभी नियम और शर्तें पहले की तरह ही रहेंगी, उनमें कोई फेरबदल नहीं किया गया है।

अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे प्रवेश पत्र और अन्य जरूरी निर्देशों के लिए बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

“ प्रशासनिक कारणों के चलते 31 मई को होने वाली परीक्षा को स्थगित कर अब 17 जून 2026 को करवाने का निर्णय लिया है। अभ्यर्थी परीक्षा से संबंधित नवीनतम जानकारी के लिए बोर्ड की वैबसाइट का अवलोकन करते रहें।

– डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड

Dainik Jagran 16-05-2026

# नकल पर कसेगी नकेल, अब 'आंख व कान' रहेंगे चौकस

राज्य ब्यूरो, जागरण • शिमला : हिमाचल में 10वीं और 12वीं



कक्षाओं में नकल रोकने के लिए शिक्षा विभाग ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 में आयोजित होने वाली परीक्षाओं के लिए विभाग ने अभी से एक मजबूत तंत्र तैयार करने में जुटने का निर्णय लिया है। इसके तहत अत्याधुनिक तकनीक से लैस सीसीटीवी कैमरों की खरीद की जाएगी, जिनमें वीडियो के साथ आडियो भी शामिल होगा। यानी नकल की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए आंख और कान दोनों चौकस रहेंगे।

स्कूल शिक्षा निदेशालय में इस व्यवस्था के लिए एक निगरानी कक्ष स्थापित किया जाएगा, जिससे हर स्कूल की परीक्षा व्यवस्था पर नजर रखी जा सकेगी। निदेशक स्कूल शिक्षा आशीष कोहली ने हाल ही में इस विषय पर विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने प्रारूप तैयार करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, कैमरों की खरीद पर होने वाले खर्च का आकलन भी करने को कहा गया है।

इस वर्ष मार्च में आयोजित बोर्ड परीक्षाओं में इस व्यवस्था को लागू करने की तैयारी थी, जिसके लिए स्कूल शिक्षा बोर्ड के साथ संपर्क साधा गया था। निदेशालय ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से परीक्षा केंद्रों की लाइव स्ट्रीमिंग के लिए एक्सेस मांगा था, जिसे बोर्ड ने देने के लिए सहमति दी थी। हालांकि, परीक्षा के दिन यह सिस्टम फेल हो गया था। अब विभाग ने निर्णय लिया है कि इस व्यवस्था को अपने स्तर पर तैयार कर लागू किया जाएगा। पहले सामान्य परीक्षाओं पर इसका ट्रायल किया जाएगा, और बाद में बोर्ड परीक्षाओं में इसे सख्ती से लागू किया जाएगा।



- सीसीटीवी कैमरों की होगी खरीद, वीडियो के साथ आडियो भी होगा
- शिक्षा निदेशक ने अधिकारियों को दिए प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश

## कांगड़ा जिले के स्कूल में नकल का मामला आने के बाद लिया निर्णय



बोर्ड परीक्षा में कांगड़ा जिले के एक स्कूल में नकल करवाने का मामला सामने आया था, जहां ड्यूटी पर तैनात शिक्षक बच्चों को नकल करवा रहे थे। परीक्षा केंद्र में सीसीटीवी कैमरा लगा था, लेकिन शिक्षक बहु विकल्पीय प्रश्नों के उत्तर बोलकर लिखवा रहे थे। इस शिकायत के बाद विभाग ने कार्रवाई करते हुए उन शिक्षकों को निलंबित कर दिया था। विभाग का कहना है कि एक बार यह व्यवस्था बन जाने के बाद नकल की समस्या नहीं आएगी। निदेशक स्कूल शिक्षा विभाग आशीष कोहली ने बताया कि विभाग की प्राथमिकता छात्रों के भविष्य की सुरक्षा और शिक्षा व्यवस्था में जनता के विश्वास को और अधिक मजबूत करना है। नकल पर पूर्णत: रोक लगाने के लिए अब तकनीक का सहारा लिया जाएगा।

## विभाग को की थी शिकायत

विभाग के पास यह शिकायतें आ रही थीं कि कुछ स्कूलों में सीसीटीवी होने के बावजूद नकल हो रही है। शिक्षकों ने भी इस पर ध्यान दिलाया था। विभाग ने निर्देश जारी किए हैं कि यदि कोई शिक्षक नकल करवाते हुए पाया जाता है, तो विभाग स्वयं संज्ञान लेगा और कार्रवाई करेगा। इसमें चार्जशीट, निलंबन जैसी कार्रवाई शामिल हो सकती है। पहले, बोर्ड इस मामले का संज्ञान लेता था, लेकिन अब कार्रवाई सीधे विभाग द्वारा की जाएगी।

Dainik Jagran 16-05-2026

# डीएलएड कामन एंट्रेंस टेस्ट अब 17 जून को होगा

**धर्मशाला** : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड अब डीएलएड कामन एंट्रेंस टेस्ट का आयोजन 17 जून को करेगा। पहले यह टेस्ट 31 मई को होना था। प्रशासनिक कारणों से इसे स्थगित कर नई तिथि निर्धारित की है। शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि परीक्षा से संबंधित नियम व शर्तें पूर्ववत: लागू रहेंगी। नई जानकारी व अन्य निर्देशों के लिए समय-समय पर बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करते रहें। (संस)

Divya Himachal
16-05-2026

# डीएलएड कॉमन एंट्रेंस टेस्ट अब 17 जून को

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि डीएलएड कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (डीएलएड सीईटी)-2026, जो पूर्व में 31 मई को आयोजित किया जाना निर्धारित था, प्रशासनिक कारणों के चलते स्थगित कर दिया गया है। अब उक्त परीक्षा 31 मई के स्थान पर 17 जून को आयोजित की जाएगी। परीक्षा से संबंधित अन्य सभी नियम एवं शर्तें पूर्ववत लागू रहेंगी। डा. शर्मा ने अभ्यर्थियों से आग्रह किया है कि वे परीक्षा से संबंधित नवीनतम जानकारी एवं अन्य आवश्यक निर्देशों के लिए समय-समय पर बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

Anant Gyan 16-05-2026

# डीएलएड सीईटी परीक्षा अब 17 जून को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि डीएलएड कॉमन एंट्रेंस टेस्ट 2026, जो पूर्व में दिनांक 31 मई 2026 को आयोजित किया जाना निर्धारित था, प्रशासनिक कारणों के चलते स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब उक्त परीक्षा 17 जून 2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा से संबंधित अन्य सभी नियम एवं शर्तें पूर्ववत लागू रहेंगी। डॉ. शर्मा ने अभ्यर्थियों से आग्रह किया है कि वे परीक्षा से संबंधित नवीनतम जानकारी एवं अन्य आवश्यक निर्देशों के लिए समय-समय पर बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

# हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड का बड़ा फैसला: 31 मई को होने वाली डी.एल.एड. प्रवेश परीक्षा अब 17 जून को होगी

**जागो ! धर्मशाला/ राकेश कुमार**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE), धर्मशाला के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि डी.एल.एड. कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (D.El.Ed. CET)-2026, जो पूर्व में दिनांक 31-05-2026 को आयोजित किया जाना निर्धारित था, प्रशासनिक कारणों के चलते स्थगित कर दिया गया है।उन्होंने बताया कि अब उक्त परीक्षा दिनांक 17-06-2026 को आयोजित की जाएगी। परीक्षा से संबंधित अन्य सभी नियम एवं शर्तें पूर्ववत लागू रहेंगी।डॉ. शर्मा ने अभ्यर्थियों से आग्रह किया है कि वे परीक्षा से संबंधित नवीनतम जानकारी एवं अन्य आवश्यक निर्देशों के लिए समय-समय पर बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट [www.hpbose.org] का अवलोकन करते रहें।हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड (HPBOSE) द्वारा डी.एल.एड. कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (D.El.Ed. CET)-2026 की तिथियों में किया गया यह प्रशासनिक बदलाव प्रदेश भर के हजारों अभ्यर्थियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। परीक्षा का 31 मई से स्थगित होकर 17 जून 2026 को निर्धारित होना, छात्रों को तैयारी के लिए लगभग दो सप्ताह का अतिरिक्त और मूल्यवान समय प्रदान



डॉ. राजेश शर्मा

करता है, जिसका उपयोग वे अपने पाठ्यक्रम के रिवीजन और मॉक टेस्ट को हल करने में कर सकते हैं। चूंकि परीक्षा से जुड़े अन्य सभी नियम, पात्रता मानदंड और शर्तें पूरी तरह से पूर्ववत लागू रहेंगी, इसलिए उम्मीदवारों को अपनी तैयारियों की निरंतरता बनाए रखनी चाहिए। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा का यह परामर्श कि अभ्यर्थी समय-समय पर आधिकारिक वेबसाइट का अवलोकन करते रहें, यह साफ दर्शाता है कि प्रशासन परीक्षा को बिना किसी त्रुटि के पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराना चाहता है। रोल नंबर, एडमिट कार्ड डाउनलोड करने की प्रक्रिया और परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची से जुड़ी किसी भी नई अधिसूचना के लिए छात्रों को केवल आधिकारिक वेबसाइट [www.hpbose.org] पर ही भरोसा करना चाहिए, ताकि वे सोशल मीडिया पर फैलने वाली किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचनाओ या अफवाहों से बच सकें। अब उम्मीदवारों के पास अपनी रणनीति को और मजबूत करने का एक बेहतरीन मौका है, ताकि वे इस राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर प्राथमिक शिक्षक शिक्षा पाठ्यक्रम में अपनी सीट सुरक्षित कर सकें। इस स्थगन से राज्य के कोने-कोने से आवेदन करने वाले हजारों डीएलएड (D.El.Ed.) उम्मीदवारों को अपनी कमजोरियों को सुधारने का एक बड़ा अवसर मिल गया है। दो सप्ताह से अधिक का यह अतिरिक्त समय छात्रों के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकता है।शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस बदलाव के कारण कट-ऑफ लिस्ट में भी उछाल देखने को मिल सकता है, क्योंकि सभी उम्मीदवारों को रिवीजन के लिए अतिरिक्त समय मिल गया है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जा रही है कि वे इस समय का उपयोग पिछले वर्षों के प्रश्नपत्रों (Previous Years' Question Papers) को हल करने और टाइम-मैनेजमेंट को बेहतर बनाने में करें।

The Sunny Times

# D.EL.ED. ASPIRANTS GET A TWO-WEEK EXTENSION: EXAM MOVED TO JUNE 17

*Sunny Mahajan | Dharamshala*



The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has officially announced a change in the schedule for the Diploma in Elementary Education (D.El.Ed.) Common Entrance Test for the 2026 academic session.

Dr. Rajesh Sharma, Chairman of HPBOSE, confirmed that the entrance exam originally slated for May 31, 2026 has been postponed due to unforeseen administrative reasons. According to the revised schedule, the examination will now be conducted on June 17, 2026.

The Board has clarified that while the date has shifted, all other terms, conditions, and eligibility criteria remains unchanged. Candidates are strongly advised to visit the official Board website at www.hpbose.org regularly to stay updated on the latest instructions and download revised admit cards if applicable.